प्रीलिम्स फैक्ट्स: 29 अप्रैल, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/29-04-2019/print

इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग

- इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (Initial Public Offering-IPO) एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके तहत कोई कंपनी पूंजी जुटाने के लिये पहली बार सार्वजनिक तौर पर अपने शेयरों की बिक्री करती है।
- यह नई या पुरानी कंपनी हो सकती है जो किसी एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने का फैसला करती है और इसके साथ ही वह पब्लिक लिस्टेड कंपनी बन जाती है। इसके बाद शेयर बाज़ार में उसके शेयरों की खरीद फरोख्त होती है।
- कंपनियाँ इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) के द्वारा सार्वजनिक रूप से नए शेयर जारी करके पूंजी जुटा सकती हैं या मौज़ूदा शेयरधारक अपने शेयर जनता को बेच सकते हैं।
- इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) के बाद कंपनी के शेयरों का खुले बाज़ार में कारोबार होता है।

कोशिका आधारित मांस

सेलुलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी (Cellular and molecular biology-CCMB) ने नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन मीट (National Research Center on Meat-NRCM) के साथ मिलकर सेलुलर कृषि के माध्यम से मांस का उत्पादन करने हेतु अनुसंधान शुरू किया है।

> इसे सेल-आधारित मांस या स्वच्छ मांस या हिंसा के बगैर प्राप्त मांस (Non-Violence Meat) भी कहा जा रहा है जो पशुओं के मांस की तरह ही पोषक होगा।

सेल आधारित मांस का महत्त्व

- जैव-विविधता और पर्यावरण की रक्षा
- अनुसंधान प्रयोजनों में जानवरों का उपयोग बंद
- खाद्य सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और पशु कल्याण से संबंधित चिंताओं का समाधान